## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता अंशुमन मिगलानी होंगे शहर अध्यक्ष

**जुन्नारदेव।** देशभर में अधिवक्ताओं के अधिकार एवं हित के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहा अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के द्वारा जुन्नारदेव शहर में नई नियुक्ति की गई है।



अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वलेजा के निर्देशानुसार मंच के राष्ट्रीय महासचिव वेदप्रकाश नेमा के द्वारा नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमन मिगलानी को अपनी जुन्नारदेव शाखा का शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज सनवाल, राष्ट्रीय सलाहकार (अधिवक्ता कल्याण योजना) दीपक पंजवानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माधव मालवीय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना के द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

### बिछुआ में हुआ अक्षत कलश का पूजन

**बिछुआ।** रविवार को मंगलम लॉन बिछुआ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलशों का पूजन किया गया जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई बिछुआ द्वारा सभी मंडलों को कलश वितरण किए गए वही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी एवं भव्य मंदिर निर्माण के होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को गांव-गांव घर घर तक इस पर्व को मनाने के लिए सभी मंडल से स्वयंसेवकों को जवाबदारी दी गई एवं निमंत्रण स्वरूप अक्षत कलश समर्पित किए गए जहां इस आमंत्रण को हर घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया एवं ग्राम के समस्त देवालय मंदिरों को साज सज्जित कर 1जनवरी से 15जनवरी तक विशेष जनजागरण अभियान चलाया जाएगा जहां नगरों में विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया जिसमें नगर बिछुआ में 21 दिसबंर को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं इस पावन पुनीत कार्य में सभी आम जनमानस की सहभागिता कैसी हो सके यह सुनिश्चित किया जाए।

## प्रतापगढ़ बादला के जंगल में हो रहा है अवैध रेत उत्खनन,नहीं लगी लगाम

# नदियों का सीना छलनी करके रेत माफिया दे रहे रेत चोरी को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया में रेत माफियाओं द्वारा नदियों का सीना छलनी करके रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस तरह रेत की अवैध परिवहन पर किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं लग रही है। बता दे कि प्रतापगढ़ बादला के जंगल से बीते दिनों हरिभूमि समाचार पत्र ने खबर प्रकाशित की थी लेकिन इसका कोई असर अभी नहीं दिख दिया है। प्रशासन ने अभी तक यहां कोई कार्यवाही नहीं की है। इस वजह से रेतमाफियाओं के हौसले बुलंद है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस तरह से रेत चोरी के पीछे मैदानी वन अमले की मिली भगत बताई जा रही है। इसी कारण रेत चोरी के वाहन अब जंगल के रास्ते रेत निकालने लगे हैं। ऐसा ही एक प्रकरण इन दोनों चर्चा में है। वहीं ग्राम फासीढाना, प्रतापगढ़ बदला क्षेत्र के जंगलों से भी दिनदहाड़े रेत चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। रेतमाफिया चोरी की रेत डूडी शिखर के जंगल के रास्ते परिवहन कर रहे है। इतनी ज्यादा तादाद में वाहनों के निकलने के कारण अब वहां पर आम रास्ता बन गया है जिस पर वाहनों के टायरों के निशान स्पष्ट रूप से देखे जा सकते है।



वहीं पूरी रात रेत के वाहन निकलने से वन्य प्राणियों को भी परेशानी हो रही है। इस क्षेत्र में कोई आम रास्ता नहीं है। इस तरह की चोरी की रेत खरीदने से क्षेत्र के रेंजर भी पीछे नहीं हट रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी उनके बंगले के सामने विभाग द्वारा कोई निर्माण कार्य होना है जिसमें रेत पड़ी देखी जा सकती है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेंजर खुद चोरी की रेत खरीद रहे हैं जब वे चोरी की रेत खरीदेंगे तो स्वाभाविक है कि रेत चोरों को थोड़ी बहुत रियायत देना तो बनता है क्योंकि रेत उन्हें भी जो खरीदनी है। कहने को तो रेत का बिल किसी सप्लायर के नाम पर भुगतान दर्शाएंगे पर अघोषित रूप से चोरी की रेत खरीदने के लिए रेंजर भी कम दोषी नहीं है। इस तरह बन अमले की अघोषित मिली भगत के कारण अब रेत चोर जंगल की रेत जंगल के रास्ते निकालकर टोल टैक्स की भी चोरी कर रहे हैं। जो डूडी शिखर मनरेगा के तालाब के पास से प्रतापगढ़ बादला होते हुए रेत के वाहनों का आना-जाना हो रहा है। जिससे रेत चोरों को कुआं बादला टोल टैक्स में लगने वाला टैक्स भी बचा रहे है और जंगल के रास्ते रेत भी निकल रही है। अब देखना यह है कि इस जंगल के रास्ते निकालने वाली रेत चोरी पर वन विभाग कोई कार्यवाही करता है या यह रेत चोरी निरंतर जारी रहती है।

## नए सीएम के निर्देशों का करें पालन

**तामिया।** पुलिस थाना तामिया में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक के दौरान हाल ही में प्रदेश सरकार से मिले निर्देशों के पालन को लेकर अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों एवं आम जनमानस के साथ बैठक कर चर्चा की है। शांति समिति की बैठक में प्रमुखता से तहसीलदार योगिता बाजपेयी नगर निरीक्षक कैलाश पासे सहित , नागरिक एवं व्यापारी ईस बैठक में उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार बिना लाइसेंस उल्लंघन करते हुए खुले में मांस, मछली, बेचने वालों पर मीटिंग में बात हुई सभी मांस विक्रेताओं को खुले में मांस ,मछली, के विक्रय नहीं करने को लेकर भी, समझाइश देने पर भी चर्चा हुई । साथ ही धार्मिक स्थलों से बजने वाले , ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी अपनी परिसर सीमा में शासन से मिली हुई गाइडलाइन का पालन करने निर्देशित किया।



## प्रथम सत्र में 5296 और व्दितीय सत्र में 5256 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.लोक सेवा आयोग द्वारा आज संपन्न राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 जिले के 16 परीक्षा केन्द्रों में दो सत्रों में संपन्न हुई । इस परीक्षा में जिले के 6 हजार 881 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 5 हजार 296 और व्दितीय सत्र में 5 हजार 256 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये । उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में इस परीक्षा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये परीक्षा कंट्रोल रूम बनाया गया था और इस कंट्रोल रूम में संयुक्त कलेक्टर श्री सिध्दार्थ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया था । साथ ही 16 परीक्षा केन्द्राध्यक्षों के साथ ही आकस्मिक निरीक्षण के लिये 3 उड़नदस्ता दलों और गोपनीय व अन्य सामग्री की व्यवस्था के लिये 6 अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी । आयोग द्वारा इस परीक्षा के लिये म.प्र.लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विपिन ब्यौहार को जबलपुर जिला तथा सेवानिवृत्त आई.ए.एस. श्री कृष्णमोहन गौतम को जबलपुर संभाग के अंतर्गत जिले में संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था।

## ग्राम पंचायत रामगढ़ी में कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत रामगढ़ी में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला आपदा प्रबंधन समिति की सदस्य श्री विवेक साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजय पटेल, श्री चंद्रपाल पटेल और अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित और सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों ने जहां प्राकृतिक व जैविक खेती पर अपने विचार साझा किये, वही कार्यक्रम में हर घर जल के अंतर्गत अभिनंदन पत्र, आयुष्मान कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की अनुदान राशि के चेक का वितरण किया गया।

## हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में

# अमरवाड़ा के ओरियंटल नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई ने की जाँच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेज की हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच चल रही है विगत दिनों छिंदवाड़ा के एस ए के कॉलेज में सीबीआई की टीम पहुंची थी इसी क्रम में आज अमरवाड़ा में संचालित ओरिएंटल नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई की टीम जांच कर रही है टीम से जुड़े लोगों ने मीडिया को अभी फिलहाल जानकारी देने से इनकार किया है।

गौरतलाब है कि मध्य प्रदेश नर्सिंग घोटाले से लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। कोरोना काल में अधिकारियों की मिलीभगत से प्रदेश में नियमों को पूरा नहीं करने वाले कॉलेजों को भी मान्यता दे दी गई थी। इन कॉलेजों के पास न तो पर्याप्त जमीन थी और न ही अस्पताल और न ही कॉलेज की मान्यता हेतु जरुरी संसाधन है इसके अलावा भी और भी कई गड़बड़ियां हुई है अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने कोर्ट से कॉलेजों की जांच के लिए तीन माह का समय मांगा है।

इसी क्रम में पुरे प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज की सीबीआई जाँच कर रही है ।सीबीआई की स्पेशल टीम छिंदवाड़ा जिलें में गत तीन चार दिनों से लगातार जिले के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजो की हर एंगल से जाँच कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज अमरवाड़ा के ओरियंटल नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई की टीम पहुंची है जांच पड़ताल अभी फिलहाल चल रही है।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग की मांग खारिज

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों की परीक्षा परिणाम जारी करने और नए एडमिशन के लिए पोर्टल खोलने की मांग खारिज कर दी। सभी कॉलेजों की सीबीआई जांच के बाद ही कोर्ट की तरफ से राहत दी जा सकती है। अभी तक इस मामले में सीबीआई की रिपोर्ट में कॉलेजों में गड़बड़ी मिल रही है । वहीं, जांच में कुछ सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में भी पर्याप्त फैकल्टी और अन्य गड़बड़ियां मिली हैं।

### हजारो छात्र हो रहे है परेशान

जांच पूरी होने तक ना तो बच्चों की परीक्षाएं आयोजित होंगी और ना ही परीक्षाओं के रिजल्ट जारी किए जा सकेंगे। वहीं, नए सत्र के लिए प्रवेश भी नहीं हो सकेंगे। प्रवेश के लिए नए साल का इंतजार करना होगा नर्सिंग घोटाले के चलते प्रदेश के लगभग 25 हजार छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम अटका हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ 2023-24 सत्र में एडमिशन प्रक्रिया शुरू ही नहीं हुई है। वहीं, यदि सरकार नर्सिंग कॉलेजों के सत्र को शून्य करती है तो इसका असर सरकारी नर्सिंग कॉलेजों पर भी होगा।

## डामरीकरण रोड में ठेकेदारी कर रहे खानापूर्ति

**अमरवाड़ा।** नगर में इन दिनों ठेकेदार निर्माण कार्यों में भरी भरकम भ्रष्टाचार कर रहे हैं नगर की धरोहर शिव धाम गरमेटा मंदिर पर रोड लाखों रुपए की बनना है जो सिर्फ 400 मी.बनना है परंतु नगपालिका के कोई भी अधिकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति में



सड़क निर्माण हो रहा हे जिसमें प्रारंभिक निर्माण में कई अनियमिताएं की जा रही जैसे रोलर पानी सिंचाई वाइब्रेटर अन उपयोगी मशीनों के बिना ही रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है रोड बेस भी मजबूत नहीं है सिर्फ गिट्टी और डस्ट डालकर डामरी करण करने की तैयारी में ठेकेदार देखा जाय तो अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी के चलते ठेकेदार सड़क निर्माण में खानापूर्ति करने पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे इसको लेकर पहले भी शिव धाम समिति ने नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया था परंतु अधिकारियों ने ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की निर्माण विगत कई महीनो से अधूरा है जिससे समस्त शिव भक्तों एवं राहगीरों को आवागवन करने पर कई दुर्घटनाएं से प्रतिदिन गुजरना पड़ रहा है परंतु ठेकेदार और अधिकारी का ध्यान सड़क में न होकर ठेकेदारी की मनमानी की ओर आकर्षित है शिव भक्तों एवं राहगीरों के लिए चुनौती दे रहा है गरमेटा भक्तों में नाराजगी देखी जा रही है समिति के समस्त सदस्यों ने कहा कि सड़क में खानापूर्ति या मशीनों के उपयोग से सड़क निर्माण नहीं होता है तो वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की जाएगी।

## रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़कर केवी में शुरू हुई खेल प्रतियोगिता

**रोजाना हो रहे रोमांचक मुकाबले, खेल प्रतिभागियों को दिलाई खेल भावना की शपथ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 - 24 व केंद्रीय विद्यालय संगठन के साठवें स्थापना दिवस एवं रस्सी कूद प्रांगण का उद्घाटन समारोह शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 को हुआ। जिसमें उ मुख्य अतिथि निर्मल कुमार जी.एम. पेंच कोयला क्षेत्र के कर कमलों के द्वारा हुआ । इस शुभ अवसर प्राचार्य, उप-प्राचार्य केवी बड़कुही और अन्य अधिकारी उपस्थित थे । मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों का अभिनंदन केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही के शिक्षकों द्वारा किया गया। केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही के होनहार विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई । केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही के विद्यार्थियों द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया ।स्वागत भाषण केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही के प्राचार्य सूर्य प्रताप सिंह ने दिया । मुख्य अतिथि ने अपने बहुमूल्य विचारों से दर्शकों को संबोधित किया और प्रतिभागियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने और सच्ची भावना से प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

**परासिया।** आज पगारा मंडल अंतर्गत ग्राम अंबाड़ा एवं इकलेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ जिसमें हितग्राही को पात्रता पत्र वितरण किए गए एवं जनता जनार्दन की समस्या को लेकर आवेदन लिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया जी भाजपा ग्रामीण मंडल पगार अध्यक्ष मनीष सोनू यादव जी जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी जी जनपद सदस्य विजय साहू जी राजेश विश्वकर्मा जी निरंजन सिंह जी नीरज नायक जी सतीश वरमैया जी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अमित यादव जी यात्रा प्रभारी डॉक्टर पक्षवार जी परासिया नायब तहसीलदार जी एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।।



## शिविर में 223 महिलाओं की हुई नसबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

राष्ट्रीय परिवार नियोजन के कार्यक्रम के तहत गत दिवस स्थानीय डॉ भीमराव आंबेडकर अस्पताल (वेलफेयर), जुन्नारदेव में महिला नसबंदी का विशाल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन फाल्गुनी महिला मंडल, कन्हान क्षेत्र क्षेत्रीय कल्याण समिति, कन्हान क्षेत्र, वीआइपीइस, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस शिवर में लगभग 223 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। देर रात तक चले इन ऑपरेशन को क्षेत्र के प्रख्यात एलटीटी सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय कुमार नायक के द्वारा किया गया। उनका सहयोग डॉक्टर अनुराधा बसु (क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी, कन्हान क्षेत्र) के द्वारा किया गया। इस सिविल में लाभान्वित महिलाओं को मध्य प्रदेश शासन के द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। इसके साथ ही वेकोलि के कन्हान क्षेत्र के द्वारा सीएसआर निधि से सामग्री भी भेंट की गई। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में फाल्गुनी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सीता रामाराव, कन्हान क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री बी रामाराव तथा डॉक्टर रविंद्र बाथम बीएमओ जुन्नारदेव के द्वारा हितग्राही महिलाओं को सामग्री व चेक वितरण किया गया। इस विशाल नसबंदी शिविर में कन्हान क्षेत्र के वेलफेयर चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के द्वारा अथक प्रयास किए गए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुई बैठक

**आज से हुआ शुभारंभ, अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अमरवाडा



17 दिसंबर रविवार से जनपद पंचायत परासिया से प्रारंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत सभागृह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके और अरुण यदुवंशी ने अधिकारियों से कहा की भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से ग्रामीण जनता तक पहुंचाने , के लिए कार्य करने की जरूरत है। भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया ने 100 बिस्तर के अस्पताल की असुविधाओं को लेकर बीएमओ से सवाल जवाब किये। बीएमओ, प्रमोद वाचक ने सिविल अस्पताल में सुविधा बढ़ाने की बात कही । श्रीमती डेहरिया ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहें। अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पेंद्र निगम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 17 दिसंबर से 20 जनवरी तक जनपद पंचायत की सभी 91 ग्राम पंचायत में विभागीय अधिकारी , कर्मचारी के माध्यम से 1 दिन में 2 ग्राम पंचायत में पहुंचेगी।, पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे जिसमें भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राही को चयन कर लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान सम्मान योजना, उज्वलाा योजना, निराश्रित, विधवा, विकलांग पेंशन योजना, आयुष्मान भारत , भूमिहीनों को पट्टे प्रदान करने की योजना, जल जीवन मिशन, योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है या उन्हें लाभ दिलाने के लिए आवेदन लेकर त्वरित निदान किया जाएगा। बैठक में जनपद पंचायत सीईओ रश्मि चौहान ने भारत संकल्प यात्रा को लेकर शासन से तय कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

## विवेक बंटी साहू ने विकास रथ को दिखाई हरी झंडी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में चल रही है । कल ही देश के पांच राज्य मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने उज्जैन से प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया तथा जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकास रथ को हरी झण्डी देकर रवाना किया । आज भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू इस



कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रामगढ़ी तथा पखड़ुया पहुंचे इस अवसर पर साहू ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाना है इसलिए हमें इसकी तैयारी आज से ही प्रारंभ करनी होगी । आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी दुनिया में सर्वाधिक है । आज भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है । पहले देश की गिनती गरीब देश के रूप में होती थी । बिजली, सड़क, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं देश में उपलब्ध नहीं थी परंतु मोदी जी के प्रधानमंत्री बनते ही देश के 2000 गांव को अंधेरा मुक्त किया गया तथा सोलर तथा नाभीकिय उर्जा को भी बढ़ावा दिया गया । देश में प्रतिवर्ष लाखों कि.मी. सड़क, नेशनल हाइवे का काम हो रहा है । रेलवे सुविधा में नेरोगेज एवं मीटरगेज रेलवे पटरियों को ब्राडगेज में परिवर्तित किया जा रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ

**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रविवार को ग्राम पंचायत पिपरिया कला से हुआ,इसके बाद ग्राम पंचायत खमरा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया,भाजपा सरकार द्वारा केंद्र एवं राज्य में चल रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी,उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,जनपद सदस्य डा.धनेंद्र वर्मा,(महामंत्री)बलबीर डेहरिया,अयोध्या सोनी,राजेन्द्र मिनोटे,विवेक कोठेकर,रजत वानखेड़े,अरविंद वर्मा,जितेंद्र सोनी,इंद्र कुमार वर्मा,राजू साहू,रामकुमार चौरसिया,ज्ञानलाल उइके, जनपद सीईओ सुरेश कुमार इन्दौरकर, सहित सभी विभाग के अधिकारीगण, कर्मचारी, मातृशक्ति, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### साफ सफाई नहीं रखने पर होगी मांस विक्रेताओं पर कार्रवाई, पुलिस प्रशासन और नपा की टीम ने किया बाजार का निरीक्षण

# गंदगी फैलाने वाले मांस विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

मांस और मछली की दुकानों को व्यवस्थित करने के प्रशासन के भोपाल से चले आदेश के बाद में इसका असर अब सौसर नगर में भी देखने को मिल रहा है। रविवार को पुलिस प्रशासन एवं नपा की टीम ने नगर के मटन मार्केट में पहुंचकर मार्केट का निरीक्षण किया।इस दौरान प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा सभी मांस मछली विक्रेताओं को तत्काल लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करने और लाइसेंस लेकर ही दुकान का संचालन करने की निर्देश दिए है। कलेक्टर के द्वारा मटन मार्केट एवं खुले में विक्रय मछली आदि को लेकर एक दल का भी गठन किया गया है। दल के द्वारा सोमवार से टीम के साथ में मटन मार्केट में पहुंचकर



निरीक्षण किया जाएगा। सौसर नगर पालिका मुख्य अधिकारी मोसम पालेवाल ने बताया शासन की ओर से मिले आदेशों के अनुसार नगर के मांस मछली बाजार का रविवार को पुलिस प्रशासन के टीम के साथ में ओचित निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान प्रथम बार सभी मांस मछली विक्रेताओं अनिवार्य रूप से लाइसेंस लेने, दुकान परिसर में साफ सफाई रखने, बकरे का परीक्षण करने आदि की समझाइए और निर्देश दिए गए है।इस दौरान सौसर नगर पालिका राजस्व अधिकारी रमन बागडे उपस्थित थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के मांस मछली परिसर में लगातार गंदगी एवं अव्यवस्था की शिकायत आती है। कई बार मानस के टुकड़े परिसर में अव्यवस्थित रूप से पड़े रहते हैं। दुकानदारों के द्वारा परिसर की नियमित साफ सफाई नहीं की जाती है।शासन से आए आदेश के बाद में अब मांस मछली विक्रेताओ के साफ सफाई नहीं रखी गई तो नपा प्रशासन एवं राजस्व विभाग के द्वारा दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बौध्द धम्म सम्मेलन आएंगे तीन राज्यों के बौद्ध अनुयायी

**सौंसर**। आगामी 21 जनवरी को सौसर नगर में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकरजी के नाती राजरतन अंबेडकर का आगमन होने जा रहा है।भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा नगर के बाजार चौक में विशाल जिला स्तरीय बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।हाल ही मे हुई बैठक में जिला स्तर पर होने वाले आयोजन की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तैयार की गई। आयोजन को भव्य सफल बनाने के उद्देश्य को लेकरजोर-शोर के साथ में तैयारी की जा रही है।प्रथम बार सौसर में होने जा रहे हैं,जिला स्तरीय बौद्ध धम्म सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा जिलाअध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ के नेतृत्व मध्यप्रदेश में बौद्ध धम्म, डॉ अंबेडकर के विचारों के प्रचार प्रसार के उद्देश्य को लेकर रविवार 21 जनवरी को बाजार चौक सौसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर, प पु भदत राजरतन,भन्ते सारिपुत्र,भदत शीलरक्षित महाथेरो, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशांक जाधव, म.प्र. अध्यक्ष मुकुल वाघ, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष दिनेश हनुमंते,आंबेडकरी वक्ता उषाताई बौध्द, वर्धा जिलाअध्यक्ष विशाल मानकर,नागपुर ग्रामीण अध्यक्ष रजीत राउत,आदि रहेंगे। इसके अलावा चलो बुद्ध की ओर संगीतमय आर्केस्ट्रा कार्यक्रम भी संपन्न होगा।आयोजन में छिंदवाड़ा जिले के अलावाबैतूल सिवनी बालाघाट नागपुर वर्धा,अमरावती भोपाल छत्तीसगढ़ आदि से भी बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपाशिकाएं एवं भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे।



## सकल हिंदू समाज ने किया अक्षत कलश का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

श्री राम जन्म भूमि अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश आज सिंगोड़ी नगर में पहुँचा अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में पूज्य अक्षत कलश को रथ में सजा धजा कर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र जी की आकर्षक झांकी के साथ बैंड बाजे गाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत अमरवाड़ा बायपास मार्ग पर किया गया जो कि नगर के बस स्टैंड , मेन रोड, मरही माता मंदिर ,दुर्गा मंदिर , गौली मोहल्ला ,जैन मंदिर होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री राम मंदिर सिंगोड़ी पहुंची ,, रास्ते में ,जगह जगह अक्षत कलश का भक्त गणो ने पूजन किया और आरती उतारी इस अवसर पर भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे , वही महिलाओं ने भी कलश पूजन कार्यक्रम में भाग लिया ,, राम मंदिर में कलश पहुंचने पर सभी ने कलश की आरती पूजन किया एवम सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस कलश यात्रा में सकल सनातन हिंदू समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

भाजपा नेताओं एवं अधिकारियों ने एक साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ सिंगोड़ी से किया गया। इस दौरान जनप्रिनिधियो ने केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का बखान किया।सिंगोड़ी ग्राम पंचायत में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया, इस दौरान अमरवाड़ा विधान सभा प्रभारी मोनिका शाह बट्टी ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि कोई गरीब मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना रहे, हर गरीब के जीवन में भी खुशियां आएं। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार और जनपत सदस्य योगेश यादव ने भी केन्द्र सरकार द्वारा पीएम आवास, उज्जवला और आयुष्मान भारत एवं राज्य सरकार की लाडली बेहना जैसी अनेक गरीब कल्याण आधारित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस दौरान टीकाराम चंद्रवंशी पवन राव सोनी राजेश कहार बंटी परिहार परसादी पटेल रमेश चंद्रवंशी राजिक मिस्किनी जफ़र भाई मौजूद रहे।

## ब्राह्मण पीपला में हुआ दहीलाई कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

रविवार को विधायक विजय चौरे ने औद्योगिक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ब्राम्हण पिपला में अखड हरिनाम सप्ताह में आयोजित दहिलाही कार्यक्रम में शामिल होकर विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख,शांति,समृद्धि की प्रार्थना की। ग्राम में अखंड हरी नाम सप्ताह का आयोजन विगत एक सप्ताह से किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भगवान श्री के विभिन्न लीलाओं का गुणगान किया जा रहा था।दहीलाई कार्यक्रम में विधायक विजय चौरे के द्वारा ह भप अनिल शास्त्री महाराज का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार भी किया है।दहिलाही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने क्षेत्र वासियों के प्रेम सहयोग के कारण ही मैं दूसरी बार विधायक बन पाया हूं। ग्रामीण जनता ने जो मुझ पर विश्वास जताया है मैं उनका जीवन भर आभारी रहूंगा। साथ ही ग्रामीणों की हर समस्या को अपनी समस्या समजकर उसका निराकरण करूंगा। क्षेत्र में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए ऐसे आयोजन से ही प्रेम भाईचारा एवं सद्भाव बढ़ता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामराव महाले, नानेश्वर गावंडे,पुरुषोत्तम कालबांडे, हीरालाल भोयर, रोशन वासुदेव,आदि उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रेक्टर की टक्कर से घायल मजदूर की हुई मौत

**कटंगी**। शनिवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर राधा कृष्ण मंदिर से महज कुछ ही दूरी पर एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने साईकिल सवार मजदूर को जबरदस्त टक्कर मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया है. मजदूर की रविवार को उपचार के दौरान नागपुर में मौत हो गई है. बता दें कि कोलापुर निवासी बसंत झारिया मजदूरी का काम करता था. शनिवार की शाम वह मजदूरी का काम समाप्त करने के बाद अपने घर की तरफ वापस जाने के लिए निकला था. इस दौरान कटंगी की तरफ से सिवनी रोड़ की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने मजदूर को टक्कर मार दी थी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. कटंगी अस्पताल में मजदूर को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया. बालाघाट से चिकित्सकों ने रेफर किया था जिसके बाद परिजन घायल मजदूर को रात्रि में ही नागपुर मेडिकल लेकर गए थे. जहां मजदूर ने रविवार की शाम अंतिम सांस ली. ज्ञात रहे कि कि घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पं. राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, जड़भरत, अजामिल उपाख्यान की कथा का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

ग्राम बड़गांव के श्री मदभागवत कथा आयोजक विजय -अजय चौहान द्वारा कथा वाचक पं.राजेन्द्र प्रसाद तिवारी (प्रयागराज ) अपनी मधुर वाणी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की रसवृष्टी से कपिल अवतार ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है। इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। उन्होंने बताया कि, किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए तो कभी भी जीवन में असफल नहीं होंगे। जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन कर बताया।



आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है जू के बिना शरीर निरर्थक होता है ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए उन्होंने जड़ भारत का प्रसंग सुनाते हुए कहा की जड़ भारत का प्रकृति नाम भारत है जो पूर्व जन्म में स्वयं भुवंशी ऋषभदेव के पुत्र थे मृग के छावनी में तन्मय हो जाने के कारण इनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया था और वे जड़ भरत हो गए थे। जिससे यह जड़ भरत कहलाए जादा भारत की कथा विष्णु पुराण के द्वितीय भाग में और भागवत पुराण की पंचम कांड में आती है। उन्होंने कहा कि सती के बिरह में शंकर की दशा दयनीय हो गई ,सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वत राज की पुत्री होने पर पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुई तो हिमालय को उनकी शादी सताने लगी, एक दिन देव ऋषि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया, इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरू हो गई लेकिन अभी सती के बिरह में ही रहे ।, ऐसे में शिव पार्वती के प्रति अनुकृत करने कामदेव को उनके पास भेजा गया ,लेकिन वह भी शिव को विचलित नहीं कर सके, और उनके क्रोध अग्नि के कामदेव भस्म हो गए ,इसके बाद में कैलाश पर्वत चले गए 3000 सालों तक उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए तपस्या की इसके बाद भगवान शिव का विवाह पार्वती के साथ हुआ। महा आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया ।आज प्रहलाद, वामन चरित्र एवं कृष्ण जन्म की कथा का वाचन किया जाएगा।

### देश में हर व्यक्ति को संविधान से मिलता समानता का अधिकार-खोब्रागड़े

## कोसुंबा में शिक्षा विभाग ने मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी तहसील की ग्राम पंचायत कोसुंबा के परिसर में रविवार को शासकीय हाईस्कूल महकेपार संकुल की ओर से संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में संकुल के तमाम स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कोसुंबा गांव की जनता सहित स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. वैसे तो देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है. महकेपार संकुल भी इस समारोह को इसी दिन मनाता है किन्तु आदर्श आचार संहिता और फिर परीक्षाओं का सिलसिला शुरू होने की वजह से इस दिन को आज 17 दिसंबर को परंपरा अनुसार मनाया गया. दरअसल, महकेपार संकुल विद्यार्थियों और ग्रामीणों में संविधान के प्रति सम्मान और समझ का भाव जागृत करने के लिए संविधान दिवस विगत तीन वर्षो से निरंतर मनाते आ रहा है. संविधान दिवस कार्यक्रम में संविधान पर विस्तार से चर्चा की गई और संकुल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को



सम्मानित किया गया।

संविधान दिवस समारोह की अध्यक्षता डी.सी.मर्सकोले ने की. वहीं समारोह में लोचन पटले विशिष्ट अतिथि रहे. अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े और सुजीत चौरे बतौर प्रमुख वक्ता के रुप में शामिल हुए. समारोह में भानुप्रताप मरकाम, लोकेश गौतम, विजय सोनवाने, शिवदास परते, मुन्नालाल राउत, संजय इनवाते, मिहिर सुलकिया, दामोदार कोटेकार, दुनेश्वर आशापुरे, विष्णु भालाधरे, प्रेमलता पाशासर, बेबीनंद मेश्राम, मंजुला कुर्वे, मीणा मर्सकोले, कविता पानेकर, रामदयाल कुड़वेती, युवराज हिरकने, अजय रामटेके, गणेश चन्द्र पन्द्रे, किशोर मासुरकर, घनश्याम पुष्पतोड़े अतिथि के रुप में शामिल हुए. बता दें कि पहले इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर मनाया जाता था. हालांकि, 2015 में सरकार ने राष्ट्रीय कानून दिवस को ब द ल क र संविधान दिवस कर दिया. दरअसल, 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया. इसके बाद 26 नवंबर 1950 को संविधान लागू हुआ, जिसे गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है. हर साल संविधान अपनाने की तारीख को याद करने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है।

विशिष्ट अतिथि लोचन पटले ने कहा कि भारतीय संविधान एक विस्तृत कानूनी दस्तावेज है. यह भारत की सर्वोच्च विधि है. वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं. भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है. भारतीय संविधान एक ऐसा गुणवत्तापरक दस्तावेज है, जो अपने आप में विभिन्न विशेषताएं समेटे हुए हैं. वहीं वक्ता सुजीत चौरे ने बहुत ही विस्तार से संविधान के द्वारा नागरिकों को प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के लचीले होने का अर्थ यह है कि भारतीय संविधान के कुछ प्रावधान ऐसे हैं, जिन्हें भारतीय संसद साधारण बहुमत के माध्यम से संशोधित कर सकती है लेकिन आज इसका दुरुपयोग किया जा रहा है. भारत के संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने का लक्ष्य घोषित किया गया है. अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार देता है. बाबा साहब ने संविधान सौंपते हुए कहा कि देश का संविधान चाहे कितना ही अच्छा क्यों ना हो अगर यह गलत हाथों में होगा तो उसका लाभ सहीं नहीं मिलेगा और अगर गलत संविधान भी हो और सही हाथों में तो इसका लाभ जनता को सहीं मिलेगा।

## विधायक विवेक पटेल ने स्व. कावरे को श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश के पूर्व परिवहन मंत्री और प्रदेश के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय लिखीराम कावरे के 24 वें स्मृति दिवस पर वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने साथियों जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शाहिद मियाँ खान, वारासिवनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजेश्वर पटले, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व सरपंचद्वय राजकुमार चौधरी, राजा अली खान, अधिवक्ता रामकिशोर बिसेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक मरार, सुदेश सोनी, पूर्व जनपद सदस्य छोटू ठाकरे, सरपंच प्रतिनिधि सुनील राणा, दिनेश पटले के साथ



स्वर्गीय कावरे के निवास स्थान किरनापुर के सोनपुरी गाँव पहुँचकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस दौरान विधायक श्री पटेल ने स्वर्गीय कावरे को याद करते हुए उनके द्वारा मंत्री और विधायक रहते किए गए जनकल्याणकारी कार्यो को याद करते हुए कहा कि छोटे से गरीब परिवार से उठकर राजनीति के माध्यम से उनके द्वारा प्रदेश और खासकर गरीबों के हितों के लिए दलगत भावनाओं से उठकर कार्य किया गया। वे जीवन पर्यंत गरीबों, जरूरतमंदों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हमेशा कार्यरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए जनहित में किए गए कार्य हमें हमेशा प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

### राजनीतिक द्वेष के कारण ग्राम विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे पंच क्रांति नगपुरे

## वार्ड पंच द्वारा लगाये गये आरोप निराधार और बेबुनियाद: लिल्हारे

**हरिभूमि न्यूज लांजी**। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिरनपुर में सरपंच प्रतिनिधि, जीआरएस एवं ग्राम के वार्ड क्रमांक 13 के पंच क्रांति नगपुरे के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत 9 दिसंबर को ग्राम पंचायत परिसर में हुए विवाद के बाद जहां रोजगार सहायक खेमराज उमरे ने पंच क्रांति नगपुर के विरूद्ध बहेला थाने में शिकायत की थी वही दूसरे दिन पंच क्रांति नगपुरे भी अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट पहुंचे और शिकायत की। वहीं अब इस मामले में वार्ड क्रमांक 2 से पंच एवं सरपंच प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे है राजेश्वर लिल्हारे ने अपनी बात मीडिया के समक्ष रखते हुए पंच क्रांति नगपुरे द्वारा लगाये जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया और उनसे ग्राम विकास में सहयोग करने की बात कही है। श्री लिल्हारे ने कहा की चूंकि वे ग्राम के वार्ड से पंच निर्वाचित हुए है और वर्तमान सरपंच के प्रतिनिधि के रूप में पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की देखरेख करते है इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मेरा सरपंच का पति होना तो मेरा दोष नहीं है, हां अगर में वार्ड पंच न होकर केवल सरपंच पति के रूप में पंचायत के कार्यों में दखल देता तो साथी पंच क्रांति नगपुरे द्वारा लगाये जा रहे सभी आरोपों को स्वीकार करता परंतु मुझे भी वार्ड की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुनकर पंचायत में प्रतिनिधि के रूप में भेजा है तो मेरा पंचायत के विकास कार्यों में रूचि लेना कहीं पर भी गलत साबित नहीं होता।



**जब वित्तीय प्रभार सचिव के पास तो राशि का बंदरबाट कैसै? :** सरपंच प्रतिनिधि राजेश्वर लिल्हारे ने कहा की ग्राम पंचायत बिरनपुर में सचिव और रोजगार सहायक दोनो ही हैं जिसमें वित्तीय प्रभार भी सचिव नंदकुमार भटेरे के पास है जिसमें मेरा और रोजगार सहायक खेमराज उमरे का कोई हस्तक्षेप ही नहीं है जो भी कार्य कराये जा रहे है सचिव और सरपंच की निगरानी में कराये जा रहे है। चूंकि मेरी धर्मपत्नी ग्राम की सरपंच है और उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहा हूं तो सचिव और सरपंच के अनुमति के बाद ही विकास कार्यों की देखरेख हमारे द्वारा की जाती है जिससे भी वार्ड क्रमांक 13 के पंच क्रांति नगपुरे को परेशानी है।

**रोजगार सहायक के साथ पंच का विवाद उनका निजी मामला:** वहीं ग्राम पंचायत परिसर में विगत 9 दिसंबर को हुए विवाद के विषय में जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधी राजेश्वर लिल्हारे ने कहा की रोजगार सहायक खेमराज उमरे एवं वार्ड क्रमांक 13 के पंच क्रांति नगपुरे का विवाद काफी समय से चला आ रहा है जिससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। परंतु क्रांति नगपुरे द्वारा अपने आपसी विवाद में मुझे बार-बार घसीटा जाता है जिससे मैं मानसिक रूप से काफी परेशान हो चुका हूं। साथ ही क्रांति नगपुरे द्वारा जो भी आरोप मेरे ऊपर लगाये जा रहे है अगर वह सिद्ध होते है तो मैं स्वयं अपने पद से इस्तीफा दूंगा और ऐसा नहीं होता है तो उन्हे अपना जवाब देना होगा।

# मक्का से भरा ट्रैक्टर चुराने वाले को लखनवाड़ा पुलिस ने पकड़ा

**सुबह जब वह ट्रैक्टर के पास पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि वहां ट्रैक्टर नहीं था। पीडित किसान ने ट्रैक्टर की जानकारी जुटाया लेकिन कहीं पता नहीं चला। किसान के साथ घटी घटना को संज्ञान में लेते हुए लखनवाड़ा थाने का प्रभार संभाल रहे उप निरीक्षक प्रमोद भारद्वाज ने एफ आईआर दर्ज की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

लखनवाड़ा में रविवार को ट्रैक्टर चोरी कर भागने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भंडारपुर निवासी मंगल सनोडिया ने लखनवाड़ा थाने में शिकायत की थी कि उसके पास ट्रैक्टर क्रमांक एम पी 22 ए बी 8775 है। जिसकी ट्रौली में उन्होंने बेचने के लिए मक्का भरा था। रात के समय उन्होंने मक्का से भरा ट्रेक्टर लल्लू सनोडिया के खेत में खड़ा कर दिया। जिसे वह सुबह चौरई मंडी ले जाकर बेचने वाले थे।



लखनवाड़ा थाना प्रभारी ने बताया की मक्का से भरे ट्रेक्टर चोरी के मामले में एसपी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक प्रमोद भारद्वाज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें सहायक उप निरीक्षक योगेंद्र ठाकुर, नानक राम, प्रधान आरक्षक राजेश मात्रे, संतोष उईके, ललित शर्मा, योगेंद्र चौहान की टीम बनाई गई। जिन्होंने ट्रेक्टर ढूंढना शुरू किया।
पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति चोरी के ट्रैक्टर से जा रहा है। तब टीम चावड़ी रोड भंडारपुर के पास पहुंची। जहां से ट्रैक्टर ले जा रहे लल्लू उर्फ सुनील सनोडिया पिता परसराम सनोडिया को पकड़ा। आरोपी ने मक्का भी बेच दिया था। पुलिस ने उसके पास से मक्का की राशि 68300 रुपए जब्त करते हुए गिरफ्त में लिया है।

# शनि मंदिर टिग्गा मोहल्ला का दो दिवसीय पाटोत्सव आज से

**शनि मंदिर समिति पानी टँकी के पास टिग्गा मोहल्ला सिवनी में शनि महाराज की प्रतिमा स्थापना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक पाटोत्सव कार्यक्रम आज से प्रारंभ होंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।



शनि मंदिर के पुजारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि 18 दिसंबर सोमवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक मंडल स्थापना की जायेगी एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शनि महाराज का पूजन एवं अभिषेक किया जायेगा,इसके बाद शनि महाराज की महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। वही रात्रि 08 बजे से देवी जस व भजन मंडल के कलाकार द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। वही 19 दिसंबर मंगलवार को मंदिर के मुख्य पुजारी संजय तिवारी सहित विद्वान पुरोहित द्वारा सर्वप्रथम मंडल पूजन किया जाएगा,इसके बाद शनि महाराज का मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया जायेगा।शनि महाराज के अभिषेक के पश्चात पूजन, हवन किया जायेगा एवं शाम 07 बजे से शनि महाराज की महाआरती की जायेगी। महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया,इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।शनि मंदिर समिति एवं माता महाकाली मंदिर समिति टिग्गा मोहल्ला ने समस्त श्रद्धालुओ से इस दो दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर का रंगरोहन कर पुष्पमाला से सजाया गया है।

## मवेशियों का अवैध परिवहन करने वाले फरार चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

की डूंडा सिवनी पुलिस ने मवेशियों का अवैध परिवहन करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पिकअप वाहन में 5 नग गोवंश के नाक, मुंह और गर्दन को रस्सी से क्रूरता पूर्वक बांधकर अवैध परिवहन कर रहे थे। आरोपियों पर डूंडा सिवनी थाने में अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूंडा सिवनी ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी। टीम ने आरोपी आमिर खान पिता हसीफ खान (34) निवासी शहीद वार्ड थाना कोतवाली सिवनी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अर्पित भैरम कार्य, सउनि बालकृष्ण तिरगाम आर. रोहित रघुवंशी, एजाज खान, वकील खान शामिल रहे।

### लेदर बाल वेटरन टूर्नामेंट

# जेस एलेवन ने 54 रन से जीता मैच



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जैस परिवार के तत्वथान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए मैच में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी के उथव प्रसाद डहेरिया , भरतलाल ब्रह्मे, आसिफ लाल और जैस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे । प्रतियोगिता का पहला मैच जैस ब्लू और एडवोकेट सीनियर के बीच खेला गया जिसमें जैस ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया निर्धारित 20 ओवर के मैच में जैस ब्लू ने 177 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक स्कोर बलधर यादव ने 69 रन 36 बाल पे और योगेश गढ़पाले ने 46 रन 35 बाल पे बनाए । जवाबी पारी खेलने उतरी ऐडवोकेट सीनियर 123 रनो पे सिमट गई एडवोकेट सीनियर की तरफ से सर्वाधिक स्कोर नीरज ठाकुर ने 34 रन का योगदान दिया । जैस ब्लू की ओर से मनीष चौरसिया ने 5 और अरुण यादव जी ने 2 विकेट हासिल किए । *मैच में मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया को प्रदान किया गया* । मैच में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और एडवोकेट अमित राजा यादव ने निभाई । वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत रहे । टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है । प्रतियोगिता के आयोजक अरुण यादव जी ने बताया कि कल सोमवार को पहला मैच सुबह 9 बजे एमसीजी गोपालगंज और एडवोकेट जूनियर और दूसरा मैच जैस ब्लू और शाइनिंग स्टार के बीच दोपहर 1 बजे से मैच खेला जाएगा । सभी खेल प्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर प्रतियोगिता को सफल बनाएं ।

# पॉच दिन से बिजली गुल हलाकान ग्रामीण

**धारना कलां। चाहे जितनी सत्ता बदल जाए लेकिन बिजली विभाग में कोई सुधार नहीं ला सकता है क्योंकि बिजली विभाग मर्जी का मालिक स्वयं को समझता है जब से ठेकेदारी की प्रथा बिजली विभाग में अपनाई गई है तब से बिजली विभाग ग्राम वासियों को पुनः है 18वीं शताब्दी में ले जाने की ओर आतुर है जिसके चलते बिजली विभाग अपनी मनमर्जी का मालिक बन बैठा है**

उक्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी सिर्फ सरकार और विभाग से गांधी छाप कागज अधिक मात्रा में लेने पर भी पर भी ईमानदारी से कार्य नहीं कर रहे हैं देश के अंतिम छोर में सिर्फ ग्रामीणों को अक्सर देखा जाता है वहीं बिजली विभाग इन भोले भाले ग्रामीणों से जानवरों से भी बदतर दूर व्यवहार करते नजर आ रहा है जिन्हें सरकार लाख जतन कर रही है कि ग्रामीण अंचल में बसे व्यक्तियों को प्रत्येक तरह का

कुंभकर्णी नींद से आखिर कब जागेगा बिजली



शहरी वातावरण का लाभ दिलाया जाए परंतु विद्युत विभाग ने यह ठान ली है कि चाहे जो हो जाए यह विद्युत अधिकारी कर्मचारी नहीं सुधरेंगे वर्तमान समय में विगत गुरुवार के दिन से ग्राम पंचायत मऊ ,चमरवाही, लाटगाव,उमरवाड़ा, बेहरइ छेत्र में विगत 5 दिनों से संपूर्ण रूप से बिजली गुल है जहां के निवासी निरंतर उच्च अधिकारियों को इस विकराल समस्या से निजात दिलाने के लिए गुहार लगा रहे हैं परंतु कोई सुनने को तैयार नहीं है वहीं बिजली विभाग के आला अधिकारी इस और सिर्फ बिजली आ जाएगी का झुनझुना ग्राम वासियों को हमारे बैठे हैं परंतु आज पांच दिवस वर जाने के बाद भी बिजली नहीं आई है जिससे ग्रामीण डर के साए में जीवन यापन कर रहे हैं। बना हुआ है जान माल हानि होने का खतरा जहां पर उल्लेखनीय होगा की ग्राम मऊ चमरवाही लाटगाव उमरवाड़ा बेहरइ घने भयावह भारी जंगलों से गिरा हुआ वन परिक्षेत्र है जहां पर हमेशा ही आदमखोर वन्य प्राणियों का विचारण बना हुआ रहता है जिन्हें बिजली की रोशनी में तो देखा जा सकता है परंतु उक्त 5 ग्राम पंचायत में विगत पांच दिवस से बिजली संपूर्ण रूप से गुल है जी और ना तो वर्तमान विधायक का ध्यान जा रहा है और ना ही विभाग का जिसके चलते उक्त ग्रामों के ग्रामीण जन डर के साए में जीवन यापन कर रहे हैं कि कब इनके जान माल की हानि हो जाए यहां कुछ कहा नहीं जा सकता है जिसके चलते अनेकों बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारी और बिजली विभाग के एरिया ऑफिस धारना कला में अनेकों बार शिकायत मौखिक और लिखित रूप से की गई है परंतु उक्त सभी बिजली विभाग के एरिया कार्यालय धारना कलां से लेकर संभाग जबलपुर तक के अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रंग रही है जिससे उक्त 5 ग्रामों के ग्रामीण डर के साए में डर के सदमे में इनका जीवन यापन चल रहा है यह कैसा आजादी का अमृत महोत्सव है कि इस आजाद देश में लगातार पांच दिवस तक संपूर्ण रूप से गुल बिजली के कारनामे आजादी के अमृत महोत्सव साल में बट्टा लगा रहे हैं।

बना हुआ रहता है आदम खोर जीवो का पहरा

सिवनी जिले के अंतिम छोर में बसे हुए ग्राम मऊ,चमरवाही लाटगाव,उमरवाडा, बेहरइ बियाबान जंगलों में बसे हुए होने के कारण यहां के निवासियों को हमेशा ही डर के साए में जीवन जीना पड़ता है क्योंकि इस घने जंगल में चाहूं और कोई भी मूलभूत सुविधा अब तक शहरी स्तर की सुविधा नहीं पहुंच पाई है और ऐसी जगह में बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने अड़ियल रवैया के चलते यहां पर बिजली गुल निरंतर पांच-पांच दिनों तक रख रहे हैं तो इन लोगों का विकास कैसे होगा यह आज तक समझ में नहीं आया है जिसके चलते उक्त क्षेत्र में आदमखोर जीवन का पहरा हमेशा बना रहता है जो इनके आवाजाही मार्गो में भी हमेशा ही विचरण करते दिखाई देते हैं यह लोग किसी तरह दिन में तो बच जाते हैं परंतु जब इनके मोहल्लों पर या मोहल्ले के आजू-बाजू ग्रामों में आदमखोर जीव जंतुओं का विचारण होते हमेशा देखे जाते है जिससे यहां के ग्रामीण अपने घर में डरे सहमे हुए हैं क्योंकि बिजली ओर रोशनी ना होने की वजह से बचाव संभव नहीं हो पता है जिसके चलते यहां पर वह सुविधा और बिजली विभाग की सुविधा अब तक संपूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाई है विगत पांच दिवस से इन ग्रामों में अब तक बिजली न होने से उक्त 5 ग्रामों के निवासियों ने बुधवार के बाद से अपने सारे कार्य छोड़कर बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं परंतु उनके कोई सुनवाई नहीं हो रही है क्या वर्तमान मुख्यमंत्री बिजली विभाग को सही लाइन पर ला पाएंगे या नहीं यह समझ नही आ रहा है है क्या विकास और अंतिम छोर के व्यक्ति को विकसित करने की संकल्पना एकमात्र भाषण बनकर रह जाएगी यह समझ के परे हैं।

**इनका कहना है**

हमारे ग्रामों में बिजली विभाग द्वारा हमेशा ही बिजली का गुल हो जाना आमबात हो गई है बिजली कब आती है कब जाति है विगत 5 दिवस से बिजली इन सभी 5 ग्रामों में पूरी तरह गुल है जिससे सभी ग्रामीण डरे हुए हैं बार बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी इन वन में बसे हुए ग्राम में बिजली विभाग कोई सुधार नहीं कर रहे हैं विगत 5 दिवस से लाइट गोल हे जिसकी शिकायत सभी जगह की गई है जिसमे से एस डी एम बरघाट के द्वारा शीघ्र ही बिजली सुचारू कराने का आश्वाशन दिया गया है।

**राजेश गौतम सरपंच ग्राम पंचायत मऊ**

# रोज 2 बार गरारे करने से निमोनिया का खतरा आधा

**इस बार सर्दी थोड़ी देरी से आई है। इससे दिन में तापमान अधिक और रात का तापमान कम रह रहा है। दिन में संक्रमण फैलने वाले वायरस, बैक्टीरिया तेजी से पनप रहे हैं। इससे तेजी से संक्रमण फैला रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।



फाईल फोटो

दूसरी तरफ कोरोना से हमें कई सीख मिली थी जैसे नियमित मास्क लगाना, भीड़भाड़ में जाने से बचना, हाइजीन का ध्यान रखना और हैल्दी दिनचर्या अपनाना आदि। ऐसा न करने से न केवल संक्रमण बढ़ रहा है बल्कि सामान्य फ्लू भी निमोनिया और अन्य सांस की बीमारी व लंबी खांसी में बदल रहा है। बचाव के लिए कोरोना वाली सीख को शुरू करना होगा।

प्रदूषण से खांसी लंबी हो रही है पिछले कुछ वर्षों में प्रदूषण और हवा में डस्ट बढ़ने से सामान्य फ्लू वाली खांसी भी 15-20 दिनों तक रह रही है। कई बार सामान्य दवाइयां से भी इलाज मुश्किल हो रहा है। इससे बचाव के लिए सार्वजनिक स्तर पर प्रदूषण कम करने की जरूरत है लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर भी इससे बचाव करें। नियमित रूप से मास्क लगाकर ही बाहर निकलें। फेफड़ों से जुड़े व्यायाम हर व्यक्ति कोई करे।

**फ्लू और कोल्ड में अंतर**

फ्लू और सर्दी (कोल्ड) के बीच सबसे बड़ा अंतर यह होता है कि फ्लू में आमतौर पर ज्यादा गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं और इसके दुष्प्रभाव भी ज्यादा होते हैं। फ्लू होने के 48 घंटे में इसके सभी लक्षण दिखने लगते हैं। फ्लू के लक्षण अचानक से ही शुरू होते हैं और इसमें रेस्परेटरी सिस्टम भी प्रभावित होता है, वहीं ठंड का असर धीरे-धीरे होता है। ठंड से 7-10 दिन में पूरी तरह से राहत मिल जाती है जबकि फ्लू के लक्षण दो सप्ताह तक रह सकते हैं।

**कैसे संक्रमण से बचाता है नियमित गरारे करना**

बाहर से आने के बाद या सुबह-शाम में गरारे करने से जो भी संक्रमण गले तक पहुंचा होता, वह न केवल गले में ही निष्क्रिय हो जाता है बल्कि गले से नीचे फेफड़ों में जाकर निमोनिया भी नहीं करता है। इसलिए जब भी घर वापस आएं। गरारे करें। गरारे के लिए गुनगुने पानी में नमक या चाय की पत्ती का इस्तेमाल करें। जिन्हें सर्दी-जुकाम है वे दिन में 4 बार भी कर सकते हैं। कई सलूशन भी बाजार में आते हैं। वो भी ले सकते हैं।

**ठंड के तेवर बरकरार**

ठंड के तेवर रवीवार को भी बरकरार रहे। लगातार तीसरे दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। मजबूत मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं होने से मौसम शुष्क बना हुआ है। उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवा के चलते तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल 3-4 दिन तक मौसम के ऐसे बने रहने के आसार हैं। सोमवार को भी जिले में कोहरे का असर और तापमान में गिरावट आ सकती है।मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क है। सर्द उत्तरी हवा से ठंड बढ़ने लगी है। 22 दिसंबर को नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आने की सम्भावना है। पश्चिमी विक्षोम्का के असर खत्म होते ही तेज ठंड का दौर शुरू होगा। 23 और 24 दिसंबर को सम्भाग के जिले में हल्की बारिश और बूंदाबांदी भी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 20 से 31 दिसंबर तक तेज ठंड पड़ने के आसार हैं। ठंडी हवा के चलते दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज हुई।

कोल्ड या फ्लू को सावधानी बरतकर रोक सकते हैं। सर्दी में पर्याप्त कपड़े पहनें, हाइजीन का ध्यान रखें। अगर समस्या हो रही है तो उसका इलाज कराएं। लक्षणों की अनदेखी नहीं करें।

# छात्रों को इस बार से बेस्ट ऑफ फाइव का लाभ नहीं मिलेगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हाईस्कूल परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्रों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। छात्रों को इस बार से बेस्ट ऑफ फाइव का लाभ नहीं मिलेगा। यानी विद्यार्थियों को सभी छह विषयों में पास होना जरूरी होगा। इस सम्बंध में जिले के सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बेस्ट ऑफ फाइव योजना बंद होने से परीक्षा परिणाम के प्रभावित होने की आशंका है। बोर्ड ने 2017 में योजना लागू की थी। इसके तहत छह विषयों में से एक में फेल होने पर भी छात्र को पास कर दिया जाता था। शिक्षा विभाग ने बदली हुई व्यवस्था और कोर्स पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसमें जिले से 27 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

**परीक्षा परिणाम पर पड़ेगा असर**

बेस्ट ऑफ फाइव योजना बंद होने से शिक्षकों को परीक्षा परिणाम प्रभावित होने का डर सता रहा है। सभी विषयों का कोर्स पूरा कराने के लिए विभाग ने स्कूलों को रेमेडियल कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर में शनिवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। अब अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर कोर्स पूरा कराया जाएगा। ये है योजना- छह विषयों में से एक में फेल होने पर भी छात्र को पास कर दिया जाता था- माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने वर्ष 2017 में बेस्ट ऑफ फाइव योजना लागू की थी। इसके तहत छह विषयों में से एक में फेल होने पर भी छात्र को पास कर दिया जाता था। अब सभी विषयों में पास होना होगा

# सिवनी के युवक का शव छपारा वैनगंगा नदी में मिला

**जिले के छपारा स्थित वैनगंगा नदी में एक व्यक्ति का शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार छपारा के बैनगंगा नदी में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के शव को देखा।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उन्होंने इसकी सूचना छपारा पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की। मामले में छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि वैनगंगा नदी में मछुआरों ने शव को देखकर थाने में सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को बरामद कर छपारा अस्पताल में पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।थाना प्रभारी ने बताया कि व्यक्ति के जेब में एक आधार कार्ड मिला जिसकी पहचान सिवनी के द्वारका



नगर किदवई वार्ड निवासी बेनीराम डेहरिया के तौर पर हुई। आधार कार्ड के अनुसार परिजनों और कोतवाली पुलिस से छपारा पुलिस ने संपर्क किया। जिसमें पता चला कि बेनीराम डेहरिया कुछ दिन से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट शुक्रवार को सिवनी कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। फिलहाल आगे की जांच की जा रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# प्रचार रथ के माध्यम से दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभ और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित की जा रही हैं।
"विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत प्रचार रथ 17 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोडोपार एवं आमागढ, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नांदिया कलॉ, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सर्रा एवं तुआघोरा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत किंदरई एवं धूमामाल, केवलारी की ग्राम पंचायत बाघडोंगरी एवं दुरैंदा, कुरई की ग्राम पंचायत मोहगांव सडक एवं ऐरमा, लखनादौन की ग्राम पंचायत गौराबीबी एवं पाथरकाठी तथा सिवनी विकासखण्ड की परासिया, गौरखपुर कलॉ, मैली एवं बोरदई पहुँची। ग्राम में प्रवेश के दौरान प्रचार का रथ का जगह-जगह स्वागत किया गया। तथा ग्रामवार कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार रथों में उपलब्ध एलईडी वॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी



गई।इसके साथ ही साथ मौके में उपस्थित विभिन्न विभागों के मैदानी अमलें द्वारा पत्र हितग्राहियों को लाभांवित किए जाने की कार्यवाही भी की गई।

**आज यह पहुँचेंगे प्रचार वाहन**

18 दिसम्बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत विजयपानीकला एवं पखारा, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुडरई, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनौरा एवं घुघरीमाल, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केदारपुर एवं पाटन, केवलारी की ग्राम पंचायत पांडियाछपारा, लखनादौन की ग्राम पंचायत जोबा,पतलोन एवं खूबी तथा सिवनी विकासखण्ड की बंडोल, अलोनिया, बम्हनी तथा सुकवाहा पहुचेगी।

**इन योजनाओं का मिलेगा लाभ**

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 दिसम्बर को

**बालाघाट।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे निर्धारित की गई है। बैठक के संबंध में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने पत्र जारी करते हुये बताया कि बैठक में पिछली बैठकों के प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के अलावा आजीविका मिशन, पंचायत प्रकोष्ठ, मनरेगा, पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एमडीएम शिक्षा अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा अध्यक्ष की अनूमति अन्य विषय पर चर्चा होगी।

### दिशा की बैठक 23 दिसम्बर को

**बालाघाट।** जिला विकास समन्वय एवं मुल्यांकन समिति की बैठक सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के अध्यक्षता में 23 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, वन विभाग, सांसद आदर्श ग्राम, जल संसाधन, जल जीवन मिशन, आदिम जाति कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, खनिज कलयाण, सांसद विधायक के पत्रों तथा ग्राम सुदुर सड़को की समीक्षा की जाना प्रस्तावित है।

### हाई कोर्ट के आदेश पर हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग का शत प्रतिशत होगा पालन

**बालाघाट।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जनहित याचिका पर यातायात नियमों के पालन को लेकर आदेशित किया गया है। आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कार्यालयों को दो पहियॉ वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहियॉ वाहन चालकों के लिये सीट बेल्ट लगाकर वाहन संचालन करने के निर्देश जारी किये है। 11 जुलाई 23 को पारित निर्णय के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशों का पालन शक्ति से कराने के हिदायत दी गई है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक और कार्यालयों में उपस्थित होने वाले आम नागरिकों को पीलियन राइडर सहित मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट के उपयोग पर ही कार्यालय परिसर में प्रवेश देंगे। इसके अलावा कार्यालयों में संचालित होने वाले 4 पहियॉ वाहन का उपयोग करते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से लगायेंगे।

### विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित आसिफ अब्दुल्लाह जिला न्यायाधीष/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है, मध्यस्थ दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षो के विवादों का निपटारा कराता है।

## चोरी : डॉक्टर के क्लिनिक से 60 हजार रुपए ले गए, ट्रेडर्स के 150 रुपए भी नहीं छोड़े

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के वारासिवनी के सिकंद्रा में जीआरपी थाना प्रभारी के घर हुई चोरी हुई थी। इसके बाद रविवार अलसुबह करीब 4 बजे पांच जगह चोरी हुई। सूचना मिलने पर सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा और पुलिस बल सहित प्रतिष्ठानों के संचालक और जुड़े लोग वहां पहुंचे। पुलिस ने बारिकी से तफ्तीश की और अपनी जांच शुरू कर दी है।



मुख्यालय में पांच जगह में दुर्गा मंदिर, डॉ. वेदप्रकाश के क्लिनिक, अनमोल फायनेंस, आकृति ट्रेडर्स और भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण सेवा केंद्र में चोरी का प्रयास किया था। इससे पुलिस सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा इस मामले को देख रहे हैं।

डॉ.वेदप्रकाश लिल्हारे के क्लिनिक में ताला तोड़कर प्रवेश करने वाले चोर ने पहले धक्का देकर लिल्हारे के केबिन को खोला। उसके बाद स्लाइडर गेट को धकेलकर अंदर रखे 60 हजार रुपए चुरा ले गया। अनमोल फायनेंस, दुर्गा मंदिर, आकृति ट्रेडर्स और एसबीआई के ग्रामीण सेवा के ताले तोड़े। चोर ट्रेडर्स से भी 150 रुपए निकालकर ले गया।

### राज्य सरकार के आदेश के बाद अफसरों ने धर्मगुरुओं को बताए थे नियम

## धार्मिक स्थलों से उतारे लाउडस्पीकर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सीएम मोहन यादव के आदेश के बाद धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर, डीजे पर कार्रवाई की जा रही है। बालाघाट में भी मंदिर के शिखर और मस्जिद की गुंबदों पर लगाए गए लाउडस्पीकर को समितियों ने निकाल दिया है।





बालाघाट में राज्य शासन के इस आदेश का असर पूरे जिले में नजर आ रहा है। शनिवार को वारासिवनी सहित अन्य स्थानों पर भी यह कार्रवाई देखने को मिली थी। बालाघाट शहर के अलावा शहर से लगे धार्मिक स्थलों पर जिम्मेदारों ने तत्परता दिखाई।

इसको लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक शनिवार को हुई थी। इसमें धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि और धर्मगुरु शामिल हुए थे। इसमें एसडीएम राहुल नायक और सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने आदेश के बारे में अगवत कराया था। इसके बाद औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायशी एवं शांत क्षेत्र में दिन और रात के समय ध्वनि की तीव्रता को निर्धारित किया था। रविवार को मुख्यालय पर लगे लाउडस्पीकर उतार लिए।

## दो वन्य कर्मियों पर भालू का हमला

### *नाखून से सिर में हुआ गहरा घाव, बैहर के अस्पताल कराया भर्ती*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वन्यप्राणियों की गणना कर लौट रहे दो वनकर्मियों पर रविवार को भालू ने हमला कर दिया। इससे वन्यकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बैहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वनकर्मी महेन्द्र टेकाम और स्थायी कर्मी नंदलाल राहंगडाले हमले में घायल हुए हैं।





बैहर के मुक्की से गढ़ी मार्ग पर फारेस्ट चौकी मुटनीसराई में बैठे भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू के हमले से घबराए वनकर्मी संभल पाते, इसके पहले ही भालू जंगल की ओर चला गया। लहुलुहान हालत में नंदलाल राहंगडाले और महेन्द्र टेकाम को बैहर अस्पताल लाया गया। उनका उपचार किया जा रहा है।

### रेलवे टिकिट आरक्षण में कर्मी की सुस्तता के चलते लोगों को हुई परेशानी

## रेलवे सलाहकार समिति ने समस्या को लेकर स्टेशन प्रबंधक और टिकिट आरक्षण प्रभारी से की चर्चा

### यूटीएस सुविधा से घर बैठे बनाई जा सकती है टिकिट

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रेलवे विभाग ऑनलाईन पहल कर नागरिको को घर बैठे टिकिट की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है, जिसके लिए नेट से यूटीएस ऐप को इंस्टाल कर देश के किसी भी स्थान से यात्री अपनी टिकिट बना सकते है। जिसको लेकर पूछताछ केन्द्र में बैठे सहयोगी रेलकर्मी यात्रियों को समझा रहे है, जिसको लेकर, रेलवे का उद्देश्य है कि यात्री को यात्रा करने में स्टेशन के टिकिट काउंटर में मारामारी का सामना ना करना पड़े। चूंकि आज सब ऑनलाईन हो गया है। इसलिए रेलवे भी ऑनलाईन टिकिट सुविधा यूटीएस एप्लीकेशन से दे रहा है, जिसको लेकर वह जागरूकता अभियान भी चला रहा है। जिसको लेकर रेलवे सलाहकार समिति ने जिले के यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्री रेलवे की इस सुविधा का लाभ उठाए और जिले से लेकर किसी भी स्टेशन की यात्रा करने के लिए इसका उपयोग करें। इसके लिए ऐप साईड से यूटीएस एप्लीकेशन को अपने एंड्राईड मोबाईल में लोड करना है, जिससे स्टेशन में टिकिट लेने की झंझट से यात्री, राहत पा सकते है।



गत दिवस रेलवे स्टेशन के आरक्षण में आरक्षण कराने पहुंचे रहे लोगों को आ रही दिक्कत को गंभीरता से लेते हुए 17 दिसंबर को जेडआरयूसी सदस्य मोनिल जैन के साथ रेलवे सलाहकार समिति सदस्य गिरीराज रंगलानी, मनोज क्षीरसागर, सुनील कोरे, तुर्राब खान और विशाल मंगलानी ने स्टेशन में मामले की जानकारी स्टेशन प्रबंधक श्री बाजपेयी ने बताया कि आरक्षण काउंटर में बैठी कर्मी के स्वास्थ्य खराब होने के कारण यह समस्या आ गई थी। जिससे आरक्षण को लेकर पहुंचे लोगों को विलंब हो गया। जिसकी जानकारी के बाद व्यवस्था में सुधार कर दिया गया है। अब समस्या नहीं होगी। साथ ही उन्होंने रेलवे यात्रियों से रेलवे की टिकिट को लेकर यूटीएस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

जेडआरयूसी सदस्य मोनिल जैन ने बताया कि आरक्षण काउंटर को लेकर समाचारों के माध्यम से जानकारी मिलने पर इस इश्यु को लेकर रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों के साथ आज पहुंचकर चर्चा की गई है। जिसके बारे में पता चला कि काउंटर पर बैठी महिला कर्मी का स्वास्थ्य और तकनीकि समस्या के कारण लोगों को विलंब होने से परेशान होना पड़ा। इस मामले में मेरी एसीएम से चर्चा हो गई है और रेलयात्रियों की सुविधा को लेकर हमने उनसे स्वास्थ्य से कमजोर कर्मी के स्थान पर उचित कर्मचारी की स्थापना किए जाने की बात कही है। अभी वर्तमान स्थिति में व्यवस्था को सुधार दिया गया है, उम्मीद है कि जल्द ही उचित कर्मी की नियुक्ति से आरक्षण कार्य से लोगों को अनावश्यक परेशान नहीं हो पड़ेगा।

रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यो सहित सुविधाओं का भी जायजा लिया। जिसमें स्टेशन परिसर में स्थित खाद्य दुकानों में रेट लिस्ट को ग्राहकों की सुविधा के लिए दुकान के सामने रखे जाने और शौचालय की सफाई को लेकर अपने सुझाव रखे। स्टेशन प्रबंधक श्री वाजपेयी ने आश्वस्त किया कि इसे गंभीरता से लिया जाकर दुकानो के सामानो की विक्रय की दरसूची और शौचाल की सफाई का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान कुछ सुझावो को भी आगामी समय में सांसद और रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया है। जो स्थानीय स्तर की है, जिसके लिए रेलवे विभाग से अनुमति प्राप्त की जाएगी।

### सांसद और विधायक ने ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की जराहमोहगांव से हुई शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकार की प्रमुख योजनाओं का ऑन-स्पॉट लाभ पहुंचाने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है. रविवार को जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत जराहमोहगांव और आगरी पंचायत भवन से यात्रा का आगाज किया गया. सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन और विधायक गौरव पारधी, एसडीएम मधुवंतराव धुर्वे, तहसीलदार छवि पंत सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. सांसद बिसेन ने संकल्प यात्रा के मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा निकाली गई है. विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है. यह देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।



ग्राम पंचायत जराहमोहगांव और आगरी में यात्रा के दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. जहां सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मुहैया करवाई गई. वहीं दोनों ही स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर शिविर का आयोजन किया गया. जहां चिकित्सक डॉ लक्ष्मी चौधरी, डॉ प्रगति सोनी, बीपीएम जवाहर लाल बिसेन, बीसीएम वेनिश गेड़ाम, फार्मासिस्ट तरूण पटले ने ग्रामीणों का उपचार कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया. सांसद ने यात्रा के दौरान केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया और जनता से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं. उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है. इस यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है. इस एक महीने में ये यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है. इनमें से अधिकतर शहर छोटे शहर हैं. इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का प्रदेश के साथ एक साथ बालाघाट जिले में विमोचन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वैश्य महासम्मेलन के नववर्ष 2024-25 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन 17 दिसंबर को शहर के एक निजी हॉटल में मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की महिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन के मुख्य आतिथ्य और प्रदेश मंत्री सत्यनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता, संरक्षक ऋषभदास वैद्य, अभय सेठिया, तपेश असाटी, श्रेयांस वैद्य, संजय खंडेलवाल की उपस्थिति में किया गया। वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्त के आदेशानुसार, प्रदेश के प्रत्येक तहसीलो में एक ही दिन, एक ही समय पर वैश्य महासम्मेलन के नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन अतिथियों की मौजूदगी में किया गया। बालाघाट जिला मुख्यालय सहित जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में तहसीलों में कैलेंडर का विमोचन किया गया। यह कैलेंडर, समाज के आजीवन सदस्य परिवारों तक पहुंचाए जाएंगे। इस दौरान जिला इकाई प्रभारी सुभाष गुप्ता, युवा इकाई प्रभारी गौरव माहेश्वरी, महिला इकाई प्रभारी जमनाबेन पटेल, महिला इकाई अध्यक्ष अर्चना गुप्ता एवं युवा इकाई अध्यक्ष अक्षय कांकरिया सहित वैश्य महासम्मेलन के सदस्य उपस्थित थे।



### तीन दिवसीय निःशुल्क आयुष्मान शिविर संपन्न

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत नगर की समाज सेवी संस्था सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 98 पात्र हितग्राहियों द्वारा अपना आयुष्मान कार्ड बनाया गया। संस्था की नूतन ताम्रकार द्वारा बताया गया कि शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने एवं पहले से बने हुये आयुष्मान कार्ड में अपडेशन के लिए बड़ी संख्या में हितग्राही शिविर में आकर सुविधा का लाभ लिया। वर्तमान में आयुष्मान केवायसी के पश्चात भारत सरकार द्वारा स्वयं आयुष्मान का वितरण किया जा रहा है मध्यप्रदेश में लगभग 1 करोड से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किये जा चुके है। लगभग 2 माह बाद आयुष्मान पार्टल प्रारंभ होने से सभी पात्र हितग्राहियों को राहत मिली है। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता करने में सर्च इन्फोटेक से राकेश एवं दीपक दमाहे सहित गौरव जायसवाल, राजेश सिंह बैस, ओमप्रकाश मूलचंदानी, अभय जैन, रूद्रांश ताम्रकार, सीताराम कटरे एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रेलवे सलाहकार समिति करेगी ट्रेन का स्वागत, 24 से प्रत्येक सोमवार और शनिवार को बालाघाट पहुंचेगी ट्रेन

### काशी-तमिल समागम विकली ट्रेन का बालाघाट को मिला स्टॉपेज, कन्याकुमारी से चलकर मंगलवार को पहली बार ट्रेन पहुंचेगी बालाघाट

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में ब्राडगेज के प्रारंभ होने के बाद गोंदिया-गढ़ा, रीवा-ईतवारी और ईतवारी-बालाघाट के बाद एक और ट्रेन की सौगात जिलेवासियों को सांसद की पहल पर मिलने जा रही है, कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 16367/16368 का 17 को प्रधानमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। यह शुभारंभ ट्रेन मंगलवार 19 दिसंबर को प्रातः 8.35 बजे बालाघाट पहुंचेगी और 05 मिनट के स्टॉपेज के बाद 8.40 पर बनारस के लिए रवाना हो जाएगी।

19 दिसंबर मंगलवार को प्रथम बार बालाघाट आ रही कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल समागम विकली एक्सप्रेस के प्रातः 8.35 बजे पहुंचने पर रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन के नेतृत्व में चालक और परिचालक का पुष्पहार पहनाकर स्वागत करेंगे। जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन ने बताया कि 17 दिसंबर को प्रारंभ हुई, लंबी दूरी की इस ट्रेन के बालाघाट स्टॉपेज मिलने से निश्चित ही बालाघाट की रेलसुविधाओ में विस्तार हुआ है, जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं बालाघाट-सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का हम आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने हमें यह सौगात दी है। इसके बाद भी जिले को और नई ट्रेनो को दिलवाने के लिए सांसद महोदय, सतत प्रयासरत है, उन्होंने बताया कि आगामी 24 दिसंबर से यह विकली ट्रेन का फायदा, प्रति सप्ताह दो बार जिले के रेलयात्रियों को मिलेगा। जिसमें 24 दिसंबर से बनारस से कन्याकुमारी की ओर जाते समय आगामी सोमवार को बालाघाट प्रातः 7.07 बजे कन्याकुमारी से बनारस की ओर जाते समय और कन्याकुमारी से बनारस की ओर आते समय शनिवार को प्रातः 8.43 बजे यह ट्रेन बालाघाट पहुंचेगी और इस समय के 5 मिनट के स्टॉपेज के बाद आगे की ओर रवाना हो जाएगी।

### 4 युवकों पर लांजी थाने में मामला पंजीबद्ध

## दिघोरी मंडई रूपये के लेनदेन को लेकर तीन युवकों साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी थानांतर्गत ग्राम दिघोरी में बीते 15 दिसंबर को मंडई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां रूपयों के पुराने लेनदेन को लेकर ग्राम कुम्हारी खुर्द के 3 भाईयों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जिसमें प्रार्थी कैलाश समरीते पिता लूरनलाल समरीते निवासी ग्राम कुम्हारी खुर्द की शिकायत पर 4 युवकों चिंतेश बल्लारखेड़े पिता रामप्रसाद बल्लारखेड़े, योगेश बल्लारखेड़े पिता रामप्रसाद बल्लारखेड़े निवासी ग्राम कुम्हारी खुर्द, अमन शेख पिता लतीफ शेख निवासी लांजी, लक्की बड़मे पिता फूलचंद बड़मे निवासी लांजी के विरूद्ध भादस 1860 की धारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता कैलाश समरीते ने बताया की मैं ग्राम कुम्हारीखुर्द रहता हू, खेती किसानी का काम करता हूं, 15 दिसंबर की 7.30 बजे मैं ग्राम दिघोरी की मंडई घुमने गया था। मड़ई से घुमकर वापस आते समय रात 9 बजे गांव के चिंतेश बल्लारखेडे, योगेश बल्लारखेड़े एवं लाजी के अमन शेख एवं लक्की बडमे द्वारा मुझे पुराने रूपये पैसो का लेन देन की बात को लेकर चिंतेश ने मां- बहन की गंदी गंदी गालियां दिया और अपने साथियों के साथ हाथ मुक्को से एवं बेल्ट से गर्दन में मारपीट की है। मेरे साथ मारपीट की घटना की सूचना मैने अपने बड़े भाई चिमनलाल समरीते को फोन से दी तो मेरा बड़ा भाई और छोटा भाई उमेन्द समरीते दोनो आये और चिलेश से मेरे बारे में पूछे तो चितेश ने मेरे बड़े भाई चिमनलाल एव छोटे भाई उमेन्द्र को चितेश एवं उसके साथियों ने बेल्ट एवं लकड़ी से तथा हाथ मे पहने कड़े से मारपीट किये है जिससे उन्हें भी कमर, पैर एवं सिर में चोट आई है तथा चितेश ने मेरे बड़े भाई चिमनलाल का मोबाईल को तोड फोड़ कर दिया है जिससे 20,000 रू. की नुकसानी हुई है। चिंतेश और उसके साथी लोग बोल रहे थे कि दोबारा मिलोगे तो जान से खत्म करने की धमकी की दिये है। हम तीनों भाईयों के साथ हुई मारपीट की घटना को उमेश डिब्बे और नन्दराम समरीते ने देखा और सुना है।



### राज्य सेवा परीक्षा में कैदी को भी मिला शामिल होने का अवसर

## राज्य सेवा आयोग की 13 केंद्रों पर हुई प्रारम्भिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा और निगरानी में हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा में एक कैदी को भी शामिल होने का अवसर मिला है। परीक्षा नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक ने बताया कि जैसे शिक्षा का अधिकार है उसी तरह शा. उत्कृष्ठ विद्यालय में बने केंद्र पर उपजेल बालाघाट के एक कैदी को भी अपनी योग्यता सिद्ध करने का पूरा अवसर परीक्षा में शामिल कर दिया गया। शहर के सभी 13 केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा की सफलता के लिए कड़ी सुरक्षा और निगरानी के पूरे इंतजाम किए गए थे। आयोग द्वारा निर्धारित दो पालियों में सुबह 10 बजे से पहले और दोपहर 2:15 बजे से दूसरी पाली में परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी व एसडीएम श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि दो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से समपन्न हुई है।परीक्षा की निगरानी के लिए कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्थानीय पीजी कॉलेज व महर्षि कॉलेज में बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही लगातार रूप से अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया व अन्य अधिकारियों तथा उड़नदस्ते ने निगरानी की।



### पहली पाली में 4201 और द्वितीय पाली में 4152 परीक्षार्थी हुए शामिल

एसडीएम श्री नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के निर्देशानुसार सभी नियमों का पालन किया गया। दो पालियों में हुई परीक्षा में पहली पाली में 4201 ने परीक्षा दी जबकि 1501 अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में 4152 ने परीक्षा दी व 1550 अनुपस्थित रहे। जिले में कुल 5702 परीक्षार्थियों के लिए 13 केंद्र बनाए गए थे।